# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 8.9.21 | 5 | 5-7 |

**आयोजन** सम्मानित होने वाले किसानों की सूची भी तैयार, मेले की तैयारी पूरी

# एचएयू में कृषि मेला आज, किसान होंगे सम्मानित

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से कृषि मेला (रबी) आज और कल मेला का आयोजन होगा। प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज ने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय में कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। ताकि अधिक से अधिक किसानों को मेले में शामिल किया जा सके और मेले का सफल आयोजन हो सके। प्रदेश भर के किसानों से आह्वान किया वे मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों और तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस बार आफलाइन माध्यम से होने वाले इस कृषि मेला (रबी) का मुख्य थीम जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ पर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डा. त्रिलोचन महापात्र मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डा. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।



कृषि मेला ग्राउंड के मुख्य द्वार का दृश्य। • एचएयू

### इन किसानों को किया जाएगा सम्मानित

विस्तार शिक्षा निदेशक डा. रामनिवास ढांडा ने बताया कि सम्मानित होने वाले किसानों में अंबाला जिले के गांव हमीदपुर से जसबीर सिंह, बावल के गांव धारूहेड़ा से संजय यादव, भिवानी के गांव से कुसुम लता, फरीदाबाद के गांव ताजुपुर से लखनपाल, फतेहाबाद के गांव चंद्रावल से सुरजभान, झज्जर के गांव ससरोली से मंजू पुनिया, जींद के गांव घतरथ से रामपाल, कैथल के गांव गुहना से रणधीर सिंह, करनाल के गांव महमूदपुर से दर्शन खोखर, कुरूक्षेत्र के गांव बरना से गुरशरन सिंह, मडकौला के गांव बाबा से ओमबीर शामिल रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 8.9.21 | 12 | 2-5 |

## कृषि वैज्ञानिकों ने बैठक कर गुणवत्ता को लेकर की चर्चा

# श्रेष्ठ तकनीक, उन्नत बीज व अनुभव से बढ़ेगा उत्पादन

**कम लागत पर अधिक उत्पादन और शुद्ध लाभ को बढावा देना ही कपास अनुसंधान केंद्र का लक्ष्य।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति डा. बीआर कांबोज ने कहा कि कम लागत पर अधिक व गुणवत्ता परक उत्पादन व शुद्ध लाभ को बढ़ावा देना ही कपास अनुसंधान केंद्र का लक्ष्य है। इसके लिए एचएयू, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, किसान सभी मिलकर ऐसी कार्य योजना बनाई जाए ताकि आने वाले समय में कपास से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अनुसंधान किस प्रकार से करना है। आज के समय में नवीनतम तकनीक को किसानों तक किस प्रकार से पहुंचाया जाए। वे मंगलवार को स्थानीय केंद्रीय कपास अनुसंधान केंद्र में 'कैसे बढ़ाई जाए उत्पादकता' विषय को लेकर आयोजित इंटरफेस मीटिंग के दौरान संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति डा. बीआर कांबोज ने की। कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डायरेक्टर जनरल एग्रीकल्चर डा. हरदीप सिंह विशेष अतिथि के रुप में जुड़े। साथ ही आईसीएआर दिल्ली से एडीजी कमर्शियल क्रॉप डॉ आरके सिंह भी वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े और उन्होंने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सीआईसीआर नागपुर के निदेशक डा. वाईजी प्रसाद, सीआईसीआर सिरसा के हैं। डा. एसके वर्मा, प्रिंसिपल साइंटिस्ट डा. एसके सैन, डा. ऋषि कुमार ने भी अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक व रिजनल डायरेक्टर एचएयू हरियाणा, एसकेआरएयू राजस्थान, केवीके अटारी के वैज्ञानिकगण व विभिन्न बीज कंपनियों के अधिकारियों ने भी भाग लिया। इंटरफेस मीटिंग में तीन राज्यों के कृषि वैज्ञानिकों ने भाग लिया और कपास उत्पादन को बढ़ाने व कृषि से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर की चर्चा। इंटरफेस मीटिंग के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने उत्तर भारत में कपास की उत्पादकता बढ़ाने व मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए, सफेद मक्खी प्रबंधन आदि पर चर्चा की।



सिरसा। केंद्रीय कपास अनुसंधान केंद्र का भ्रमण करते कृषि वैज्ञानिक।

### तीन राज्यों से आए वैज्ञानिक

पंजाब, राजस्थान व हरियाणा में अन्य जिलों से आए कृषि वैज्ञानिकों ने केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान का भ्रमण भी किया और विभिन्न किस्मों के बीजों व उत्पादन तकनीक के बारे में विचार विमर्श किया। इस अवसर पर आईसीएआर अटारी लुधियाना से निदेशक डा. राजबीर सिंह, आईसीएआर अटारी जोधपुर से निदेशक डा. एसके सिंह, पीसी डा. एएच प्रकाश, पीएयू लुधियाना से निदेशक डा. एमएस बैंस, चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि से निदेशक डा. एसके सहरावत, एसकेआरएयू बिकानेर से निदेशक डा. पीएस शेखावत, आईसीएआर-सीआईसीआर से सदस्य डा. एमएस यादव मौजूद थे।

### प्रेरित करेंगे

सीआईसीआर नागपुर के निदेशक डा. वाईजी प्रसाद ने कहा कि श्रेष्ठ तकनीक, उन्नत बीज व वैज्ञानिक अनुभव के माध्यम से किसानों को कपास उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा केंद्र द्वारा ऐसे बीज तैयार किए जाएं, जिससे किसानों को फायदा मिले तथा कपास के अंदर बीमारी भी कम आए। उन्होंने कहा कि अगर कपास की फसल में बीमारी नहीं आएगी तो फसल भी अच्छी से अच्छी होगी। कपास के नये शोध में रेशे पर भी ध्यान दिया जाए। वहीं कपास की गुणवत्ता के अंदर भी सुधार करने की जरूरत है। इसके लिए समय समय पर किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नवीनतम तकनीक सही समय पर किसानों तक पहुंचे।

3

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 8.9.21 | 4 | 3-6 |

# 'कृषि मेले में प्रत्येक जिले से एक प्रगतिशील किसान को किया जाएगा सम्मानित'

हिसार, 7 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालयकी ओर से कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली गई है।

किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय में कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

## जल संरक्षण होगा थीम, डॉ. त्रिलोचन महापात्र होंगे मुख्यातिथि

इस बार ऑफ लाइन माध्यम से होने वाले इस कृषि मेला(रबी) का मुख्य थीम जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज अध्यक्षता करेंगे।

## इन किसानों को किया जाएगा सम्मानित

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा ने बताया कि सम्मानित होने वाले किसानों में अम्बाला जिले के गांव हमीदपुर से जसबीर सिंह, [illegible] के गांव धारूहेड़ा से संजय यादव, भिवानी कें गांव से कुसुम लता, फरीदाबाद के गांव ताजुपुर से लखनपाल, फतेहाबाद के गांव चंद्रावल से सुरजभान, हिसार के गांव ससरोली से मंजू पूनिया, जीन्द के गांव धतरथ से रामपाल, कैथल के गांव गुहना से रणधीर सिंह, करनाल के गांव महमूदपुर से दर्शन खोखर, कुरुक्षेत्र के गांव बरना से गुरशरन सिंह, मंडकौला के गांव बाघा से ओमबीर डागर, महेन्द्रगढ़ के गांव गादड़वास से संजय चौधरी, पानीपत के गांव जलालपुर से दिलबाग सिंह, पंचकूला के गांव नागल से जीत सिंह, रोहतक के गांव गढ़ी बाल्ब आशीष, सदलपुर के गांव खांडा खेड़ी से विक्रम सिंह, सिरसा,के गांव झोरड़नाली से दीपक कुमार, सोनीपत के गांव पतरी से विनोद कुमार और यमुनानगर के गांव डोहली से वेदीश काम्बोज शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 8.9.21 | 4 | 3 |

## एचएयू के मैदान में डेढ़ करोड़ रुपये से बनेंगी 5 क्रिकेट पिच

हिसार। क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी है। एचएयू के गिरी सेंटर में डेढ़ करोड़ की लागत से क्रिकेट की पांच पिच तैयार होंगी। इससे जहां एक ओर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार होगा, वहीं उन्हें ड्रेसिंग रूम, स्टोर, मसाज की सुविधा मिलेगी। पवेलियन में 200 से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसको लेकर टेंडर हो चुका है। इसी माह के अंत में काम शुरू हो जाएगा।

एचएयू में फिलहाल क्रिकेट की तीन पिच बनी हुई हैं। कई बार इन पिच की मरम्मत भी करवाई जा चुकी है। पिच काफी पुरानी होने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। ऐसे में अब एचएयू प्रशासन की ओर से पांच नई पिच तैयार करने का निर्णय लिया गया है। इन सभी काम पर डेढ़ करोड़ की लागत आएगी। ऑटोमैटिक पोपअप सिस्टम लगाया जाएगा। इस सिस्टम को कंप्यूटर से जोड़ा जाएगा। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 8.9.21 | 4 | 3-5 |

# एचएयू में राष्ट्र स्तरीय कृषि मेला आज

## मेले में हर जिले से एक प्रगतिशील किसान को किया जाएगा सम्मानित

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से कृषि मेला आज से शुरू होगा। मेला 9 सितंबर तक चलेगा। इसमें हर जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। विवि प्रशासन ने मेले को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एचएयू के वीसी प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। मेले के सफल आयोजन के लिए एचएयू में कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को मेले में शामिल किया जा सके और मेले का सफल आयोजन हो सके।

### जल संरक्षण होगा थीम, डॉ. त्रिलोचन महापात्र होंगे मुख्यातिथि

ऑफलाइन कृषि मेला (रबी) का मुख्य थीम जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र मुख्यातिथि होंगे और लुवास के वीसी डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। एचएयू एवं जीजेयू के वीसी प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज अध्यक्षता करेंगे।

**किसानों को किया जाएगा सम्मानित :** विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा ने बताया कि सम्मानित होने वाले किसानों में अम्बाला जिले के गांव हमीदपुर से जसबीर सिंह, बावल के गांव धारूहेड़ा से संजय यादव, भिवानी के गांव से कुसुम लता, फरीदाबाद के गांव ताजुपुर से लखनपाल, फतेहाबाद के गांव चंद्रावल से सुरजभान, झज्जर के गांव ससरोली से मंजू पुनिया, जीन्द के गांव धतरथ से रामपाल, कैथल के गांव गुहना से रणधीर सिंह, करनाल के गांव महमूदपुर से दर्शन खोखर, कुरुक्षेत्र के गांव बरना से गुरशरन सिंह, मंडकौला के गांव बाघा से ओमबीर डागर, महेन्द्रगढ़ के गांव गादड़वास से संजय चौधरी, पानीपत के गांव जलालपुर से दिलबाग सिंह, पंचकूला के गांव नागल से जीत सिंह, रोहतक के गांव गढ़ी बाल्ब आशीष, सदलपुर के गांव खांडा खेड़ी से विक्रम सिंह, सिरसा के गांव झोरड़नाली से दीपक कुमार, सोनीपत के गांव पलरी से विनोद कुमार और यमुनानगर के गांव डोहली से वैगीश काम्बोज शामिल हैं।

### प्रदर्शनी भी लगेगी

मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों की कमेटियों का गठन कर दिया गया है। वे किसानों द्वारा पूछे जाने वाले हर सवालों के जवाब देंगे और फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी प्रकार की जानकारी मुहैया करवाएंगे। मेले में कृषि संबंधी व कृषि औद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| ट लो हिसार | 7.09.2021 | -- | -- |

# मेले में किसानों को नहीं रहेगी बीज की कमी, उन्नत किस्मों का लगभग 9000 क्विंटल बीज उपलब्ध : कुलपति

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो साल बाद आयोजित होने वाले ऑफलाइन कृषि मेला(रबी) के दौरान किसानों को विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे। मेले में बिक्री के लिए विश्वविद्यालय के पास विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों का करीब 9000 क्विंटल बीज उपलब्ध है जो किसानों को मुहैया करवाया जाएगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई सब्जियों के बीज भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने मेले के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की बैठक आयोजित कर दिशा-निर्देश दिए। किसानों के हित के लिए उनकी मांग पर विश्वविद्यालय द्वारा दो वर्ष बाद कृषि मेले का आयोजन परम्परागत तरीके से ऑफलाइन किया जा रहा है ताकि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज व आधुनिक तकनीक मिल सकें। कुलपति ने बताया कि न केवल प्रदेश बल्कि अन्य प्रदेशों के किसानों को भी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले मेले का इंतजार रहता है और वे भारी तादाद में इसमें हिस्सा लेते हैं।



**तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप** : किसान मेले को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और कमेटियों का गठन कर दिया गया है। मेले के दौरान विश्वविद्यालय के लगभग सभी महाविद्यालयों की ओर से प्रदर्शनी लगाई जाएंगी और विभिन्न फसलों की विकसित किस्मों और तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया जाएगा जिसमें किसान अपनी फसल संबंधी समस्याओं का बेहतरीन तरीके से समाधान हासिल कर सकेंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरियाणा टुडे | 7.09.2021 | -- | -- |

# एचएयू के कृषि मेले में प्रत्येक जिले से एक प्रगतिशील किसान को किया जाएगा सम्मानित : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## एचएयु का कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को, जल संरक्षण होगा मेले का थीम

टुडे न्यूज़ । हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय में कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को मेले में शामिल किया जा सके और मेले का सफल आयोजन हो सके। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से आह्वान किया कि वे मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### जल संरक्षण होगा थीम, डॉ. त्रिलोचन महापात्र होंगे मुख्यातिथि

इस बार ऑफलाइन माध्यम से होने वाले इस कृषि मेला (रबी) का मुख्य थीम जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। एचएयू एवं गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज अध्यक्षता करेंगे।

### इन किसानों को किया जाएगा सम्मानित

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा ने बताया कि सम्मानित होने वाले किसानों में अम्बाला जिले के गांव हमीदपुर से जसबीर सिंह, बावल के गांव धारूहेड़ा से संजय यादव, भिवानी के गांव से कुसुम लता, फरीदाबाद के गांव ताजुपुर से लखनपाल, फतेहाबाद के गांव चंद्रावल से सुरजभान, झज्जर के गांव ससरोली से मंजू पुनिया, जींद के गांव धतरथ से रामपाल, कैथल के गांव गुहला से रणधीर सिंह, करनाल के गांव महमूदपुर से दर्शन खोखर, कुरुक्षेत्र के गांव बरना से गुरचरण सिंह, मंडकौला के गांव बाघा से ओमबीर डागर, महेन्द्रगढ़ के गांव नावडवास से संजय चौधरी, पानीपत के गांव जलालपुर से दिलबाग सिंह, पंचकूला के गांव बागल से जीत सिंह, रोहतक के गांव गढ़ी बालन्द आशीष, यमुनानगर के गांव खांडा खेड़ी से विक्रम सिंह, सिरसा के गांव झोरडनाली से दीपक कुमार, सोनीपत के गांव पलड़ी से विनोद कुमार और यमुनानगर के गांव डोहली से वैभव काम्बोज शामिल हैं।

### किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कमेटियों का गठन :

मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों की कमेटियों का गठन कर दिया गया है। ये किसानों द्वारा पूछे जाने वाले हर सवालों के जवाब देंगे और फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी प्रकार की जानकारी मुहैया करवाएंगे। इसके अलावा मेले में कृषि संबंधी व कृषि औद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिससे किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों व तकनीकों की जानकारी मिल सके। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी विभाग भी प्रदर्शनी लगाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| एच आर ब्रेकिंग न्यूज | 7.09.2021 | -- | -- |


# एचएयू के कृषि मेले में प्रत्येक जिले से एक प्रगतिशील किसान को किया जाएगा सम्मानित : बी.आर. काम्बोज

एचआर ब्रेकिंग न्यूज



मेले ग्राउंड के मुख्य द्वार का दृश्य।

**एचएयू का कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को, जल संरक्षण होगा मेले का थीम**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय ने कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को मेले में शामिल किया जा सके और मेले का सफल आयोजन हो सके।

उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से आह्वान किया कि वे मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**जल संरक्षण होगा थीम, डॉ. त्रिलोचन महापात्र होंगे मुख्यातिथि :** इस बार ऑफलाइन माध्यम से होने वाले इस कृषि मेला (रबी) का मुख्य थीम जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। एचएयू एवं गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज अध्यक्षता करेंगे।

**इन किसानों को किया जाएगा सम्मानित :** विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा ने बताया कि सम्मानित होने वाले किसानों में [illegible]

**किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कमेटियों का गठन :** मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों की कमेटियों का गठन कर दिया गया है। [illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पान्च बजे | 7.09.2021 | -- | -- |

### एचएयू का कृषि मेला (रबी) कल से, जल संरक्षण होगा मेले का थीम
# कृषि मेले में प्रत्येक जिले से एक प्रगतिशील किसान को किया जाएगा सम्मानित : प्रो. काम्बोज

पांच बजे न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय में कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है ताकि अधिक से अधिक किसानों को मेले में शामिल किया जा सके और मेले का सफल आयोजन हो सके। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से आह्वान किया कि वे मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**जल संरक्षण होगा थीम, डॉ. त्रिलोचन महापात्र होंगे मुख्यातिथि**

इस बार ऑफलाइन माध्यम से होने वाले इस कृषि मेला( रबी )का मुख्य थीम जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। एचएयू एवं गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज अध्यक्षता करेंगे।

**इन किसानों को किया जाएगा सम्मानित**

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा ने बताया कि सम्मानित होने वाले किसानों में अम्बाला जिले के गांव हमीदपुर से जसबीर सिंह, बावल के गांव धारूहेड़ा से संजय यादव, भिवानी के गांव से कुसुम लता, फरीदाबाद के गांव ताजुपुर से लखनपाल, फतेहाबाद के गांव चंद्रावल से सुरजभान, झज्जर के गांव ससरोली से मंजू पुनिया, जीन्द के गांव धतरथ से रामपाल, कैथल के गांव गुहना से रणधीर सिंह, करनाल के गांव महमूदपुर से दर्शन खोखर, कुरुक्षेत्र के गांव बरना से गुरशरन सिंह, मंडकौला के गांव बाधा से ओमबीर डागर, महेन्द्रगढ़ के गांव गादड़वास से संजय चौधरी, पानीपत के गांव जलालपुर से दिलबाग सिंह, पंचकूला के गांव नागल से जीत सिंह, रोहतक के गांव गढ़ी बाल्य आशीष, सदलपुर के गांव खांडा खेड़ी से विक्रम सिंह, सिरसा के गांव झोरड़नाली से दीपक कुमार, सोनीपत के गांव पलरी से विनोद कुमार और यमुनानगर के गांव डोहली से बैगीश काम्बोज शामिल हैं।

**किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कमेटियों का गठन**

मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों की कमेटियों का गठन कर दिया गया है। ये किसानों द्वारा पूछे जाने वाले हर सवालों के जवाब देंगे और फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी प्रकार की जानकारी मुहैया करवाएंगे। इसके अलावा मेले में कृषि संबंधी व कृषि औद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी जिससे किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों व तकनीकों की जानकारी मिल सके। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी विभाग भी प्रदर्शनी लगाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पल पल | 31.08.2021 | -- | -- |


# एचएयू के कृषि मेले में प्रत्येक जिले से एक प्रगतिशील किसान को किया जाएगा सम्मानित

**पल पल न्यूजः हिसार, 7 सितंबर।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय में कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को मेले में शामिल किया जा सके और मेले का सफल आयोजन हो सके। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से आह्वान किया कि वे मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 7.09.2021 | -- | -- |

# कृषि मेले में प्रत्येक जिले से एक किसान को किया जाएगा सम्मानित

हिसार/07 सितंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। इस बार ऑफलाईन माध्यम से होने वाले इस कृषि मेला (रबी) का मुख्य थीम जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। एचएयू एवं गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज अध्यक्षता करेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा ने बताया कि सम्मानित होने वाले किसानों में अम्बाला जिले के गांव हमीदपुर से जसबीर सिंह, बावल के गांव धारूहेड़ा से संजय यादव, भिवानी के गांव से कुसुम लत्ता, फरीदाबाद के गांव ताजुपुर से लखनपाल, फतेहाबाद के गांव चंद्रावल से सुरजभान, झज्जर के गांव ससरोली से मंजू पुनिया, जीन्द के गांव धतरथ से रामपाल, कैथल के गांव गुहना से रणधीर सिंह, करनाल के गांव महमूदपुर से दर्शन खोखर, कुरूक्षेत्र के गांव बरना से गुरशरन सिंह, मंडकौला के गांव बाधा से ओमबीर डागर, महेन्द्रगढ के गांव गादड़वास से संजय चौधरी, पानीपत के गांव जलालपुर से दिलबाग सिंह, पंचकूला के गांव नागल से जीत सिंह, रोहतक के गांव गढ़ी बाल्ब से आशीष, हिसार के गांव खांडा खेड़ी से विक्रम सिंह, सिरसा के गांव झोरड़नाली से दीपक कुमार, सोनीपत के गांव पलरी से विनोद कुमार ओर यमुनानगर के गांव डोहली से वैगीश काम्बोज शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| समा घोष | 7.09.2021 | -- | -- |

# एचएयू के कृषि मेले में प्रत्येक जिले से एक प्रगतिशील किसान को किया जाएगा सम्मानित

**हिसार(एस.जैन)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय में कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को मेले में शामिल किया जा सके और मेले का सफल आयोजन हो सके। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से आह्वान किया कि वे मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस बार ऑफलाइन माध्यम से होने वाले इस कृषि मेला(रबी)का मुख्य थीम जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। एचएयू एवं गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज अध्यक्षता करेंगे। मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों की कमेटियों का गठन कर दिया गया है। वे किसानों द्वारा पूछे जाने वाले हर सवालों के जवाब देंगे और फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी प्रकार की जानकारी मुहैया करवाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल | 07.09.2021 | -- | -- |

# एचएयू के कृषि मेले में प्रत्येक जिले से एक प्रगतिशील किसान को किया जाएगा सम्मानित

**पल पल न्यूज: हिसार, 7 सितंबर।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से कृषि मेला (रबी) 8 व 9 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय में कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को मेले में शामिल किया जा सके और मेले का सफल आयोजन हो सके। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से आह्वान किया कि वे मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| समस्त हरियाणा | 7.09.2021 | -- | -- |

समस्त हरियाणा — मंगलवार, 7 सितम्बर, 2021

# एचएयू के कृषि मेले में प्रत्येक जिले से एक प्रगतिशील किसान को किया जाएगा सम्मानित : प्रो. काम्बोज

## एचएयु का कृषि मेला ( रबी ) 8 व 9 सितंबर को, अधिक से अधिक किसानों के आने का आह्वान



समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से कृषि मेला ( रबी ) 8 व 9 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इसके लिए सम्मानित किए जाने वाले किसानों की सूची तैयार कर ली गई है। किसानों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य अन्य किसानों को ऐसे प्रगतिशील किसानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय में कमेटी गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को मेले में शामिल किया जा सके और मेले का सफल आयोजन हो सके। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से आह्वान किया कि वे मेले में आकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### जल संरक्षण होगा थीम, डॉ. त्रिलोचन महापात्र होंगे मुख्यातिथि

इस बार ऑफलाइन माध्यम से होने वाले इस कृषि मेला( रबी ) का मुख्य थीम जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डॉ. गुरदयाल सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। एचएयू एवं गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज अध्यक्षता करेंगे।

### इन किसानों को किया जाएगा सम्मानित

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा ने बताया कि सम्मानित होने वाले किसानों में अम्बाला जिले के गांव हमीदपुर से जसबीर सिंह, बावल के गांव धारूहेड़ा से संजय यादव, भिवानी के गांव से कुसुम लता, फरीदाबाद के गांव ताजुपुर से लखनपाल, फतेहाबाद के गांव चंद्रावल से सुरजभान, झज्जर के गांव ससरोली से मंजू पुनिया, जीन्द के गांव धतरथ से रामपाल, कैथल के गांव गुहना से रणधीर सिंह, करनाल के गांव महमूदपुर से दर्शन खोखर, कुरुक्षेत्र के गांव बरना से गुरशरन सिंह, मंडकौला के गांव बाधा से ओमबीर डागर, महेन्द्रगढ़ के गांव गादड़वास से संजय चौधरी, पानीपत के गांव जलालपुर से दिलबाग सिंह, पंचकूला के गांव नागल से जीत सिंह, रोहतक के गांव गढ़ी बाल्थ आशीष, सदलपुर के गांव खांडा खेड़ी से विक्रम सिंह, सिरसा के गांव झोरड़नाली से दीपक कुमार, सोनीपत के गांव पलरी से विनोद कुमार और यमुनानगर के गांव डोहली से वैगीश काम्बोज शामिल हैं। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कमेटियों का गठन मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों की कमेटियों का गठन कर दिया गया है। ये किसानों द्वारा पूछे जाने वाले हर सवालों के जवाब देंगे और फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी प्रकार की जानकारी मुहैया करवाएंगे। इसके अलावा मेले में कृषि संबंधी व कृषि औद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी जिससे किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों व तकनीकों की जानकारी मिल सके। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी विभाग भी प्रदर्शनी लगाएंगे।

15

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| | 7.9.2021 | -- | -- |

